दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA
न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg.No.MH180326353

# पद्मावत मीडिया™

• डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र एवं राजस्थान से प्रकाशित •

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

• न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे •

• वर्ष : 13 • डिजिटल अंक : 33 • मुंबई, सोमवार, 28 सितंबर, 2026 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • कुल पृष्ठ : 04 • मूल्य : 0.00 • निःशुल्क

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर नगर निगम के नव निर्वाचित भाजपा पार्षदों के साथ सुनी मन की बात

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर जयपुर नगर निगम चुनाव में नव-निर्वाचित भाजपा पार्षद और सभी पार्टी प्रत्याशियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 138वें एपिसोड को सुना। इसके बाद उन्होंने सभी पार्षदों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने सभी भाजपा पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। उनके विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए हमारी डबल इंजन की सरकार राजस्थान के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकास के काम कर रही है और निकायों का भी तीसरा इंजन इसमें जुड़ गया है, जिससे विकास अब अंतिम छोर और हर जरूरतमंद तक पहुंचेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में हाल ही में संपन्न हुए नगर निकाय चुनावों में पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की है। इन चुनावों में कार्यकताओं को तरजीह दी गई, जिससे अच्छे परिणाम आए। उन्होंने कहा कि अब जयपुर को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है और पार्षद शहर के विकास के लिए अपने-अपने वार्डों में काम की रूपरेखा बनाएं और पूरी ताकत से काम के लिए जुट जाएं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में वन स्टेट-वन इलेक्शन का जो वादा किया, उसे पूरा करके दिखाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्षद अपनी कार्यशैली से अपने वार्ड में हर घर तक अपने जुड़ाव को और प्रभावी बनाएं तथा हमेशा आमजन के सुख-दुख में साथ खड़े रहें। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलकर पार्टी की और मजबूती के लिए निरंतर काम करें। निकाय चुनाव के सभी पार्टी प्रत्याशियों को आगामी पंचायतराज चुनावों में जिम्मेदारी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में जयपुर नगर निगम के महापौर सुनील कोठारी, उप महापौर सरोज कंवर, प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी, शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल, पार्टी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और सभी नव-निर्वाचित पार्षद एवं प्रत्याशी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पर्यटन क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभावी उपयोग की जरूरत

**मुंबई @ पदमावत मीडिया।** पर्यटन क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का महत्व लगातार बढ़ रहा है। पर्यटन सेवाओं, संवाद, सेवा उपलब्ध




कराने और दैनिक व्यावसायिक कार्यों में इसका प्रभावी उपयोग किया जा सकता है। यह मार्गदर्शन फाइंडेबिलिटी साइंसेज, अमेरिका के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आनंद महुरकर ने दिया। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र पर्यटन विकास महामंडल और राज्य के पर्यटन विभाग की ओर से नवोदितों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर विशेष वेबिनार आयोजित किया गया। इस दौरान महुरकर ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मूल अवधारणाओं के साथ पर्यटन क्षेत्र में इसके बढ़ते महत्व और संभावित उपयोगों की जानकारी दी। नाथ स्कूल ऑफ बिजनेस एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक हर्षवर्धन जाजू ने उभरती तकनीक और बदलती डिजिटल दुनिया पर विचार रखे।

वेबिनार में महाराष्ट्र पर्यटन विकास महामंडल के प्रबंध निदेशक नीलेश र. गटणे सहित मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों, पर्यटक निवास, नौकाविहार केंद्रों, उपाहारगृहों, अभ्यागत केंद्रों, कलाग्राम और अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े घटकों और पर्यटन संगठनों के प्रतिनिधियों को भी इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### कोटा में राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

**कोटा @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. निमित रंजन चौधरी ने राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े से शिष्टाचार



भेंट की। इस दौरान प्रो. चौधरी ने राज्यपाल का अभिनंदन करते हुए राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी। भेंट के दौरान तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, विद्यार्थियों के कौशल विकास तथा उद्योग एवं अकादमिक संस्थानों के बीच समन्वय को प्रभावी बनाने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। प्रो. चौधरी ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने और विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी एवं औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के लिए किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विद्यार्थियों में नवाचार, अनुसंधान एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने तथा विश्वविद्यालयों को समाज और राष्ट्र की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य करने पर जोर दिया। प्रो. चौधरी ने राज्यपाल के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय को उत्कृष्ट तकनीकी शिक्षा, नवाचार एवं अनुसंधान का प्रमुख केंद्र बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### बधिर बच्चों के लिए सण्डे ऑन साइकिल कार्यक्रम आयोजित

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** भारतीय खेल प्राधिकरण के सांई प्रशिक्षण केंद्र जयपुर इकाई की ओर से बधिर बच्चों के लिए फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत सण्डे ऑन साइकिल




कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम आयोजक सांई प्रशिक्षण केंद्र जयपुर के इन्चार्ज जॉय चापो तथा वेटलिफ्टिंग कोच कुलदीप सिंह शेखावत व अभिषेक कुमार ने फिट इंडिया मूवमेंट की झंडी दिखाकर साइकिलिंग दल को रवाना किया। प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत बधिर बच्चों ने विद्यालय कैम्पस से लेकर अल्बर्ट हॉल तक साइकिलिंग का आनंद उठाया। सांई प्रशिक्षण केंद्र जयपुर के इन्चार्ज जॉय चापो ने विशेष बच्चों को विशेष खेल सुविधाएं प्रदान करने का वादा किया।

# सूरतगढ़ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा कार्यकताओं से किया संवाद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**श्रीगंगानगर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को सूरतगढ़ में आगामी पंचायतीराज चुनावों को लेकर भाजपा कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-गांव और ढाणी-ढाणी जनसंपर्क कर प्रत्येक बूथ और वार्ड को मजबूत करने तथा ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद स्तर पर ट्रिपल इंजन सरकार बनाने के लिए दोगुने उत्साह से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और नए मतदाताओं से विशेष संवाद के साथ सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर भी जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 309 नगरीय निकायों में से 202 में भाजपा के बोर्ड बने हैं और 10 नगर निगमों में से 9 में भाजपा के महापौर निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि पिछले ढाई वर्षों में गांव, गरीब, महिला, युवा और किसान के हित में कई कार्य किए गए हैं। जल जीवन मिशन के तहत 15 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया गया है, जबकि बिजली उत्पादन क्षमता में 10 हजार मेगावाट से अधिक की वृद्धि हुई है। युवाओं के लिए 1 लाख 90 हजार पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं और 1 लाख 22 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा संकल्प अभियान में कार्यकताओं से सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने सेवा, संगठन और जनसंपर्क के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने तथा मेरा बूथ-सबसे मजबूत के मंत्र के साथ पंचायतीराज चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

# नागपुर में संत रविदास महाराज स्मारक के लिए राज्य सरकार देगी निधि

**नागपुर @ पदमावत मीडिया।** चर्मकार समाज की शैक्षणिक और सामाजिक प्रगति के लिए राज्य सरकार की ओर से बाबुलखेड़ा क्षेत्र में संत रविदास महाराज के स्मारक एवं सभागृह के निर्माण के लिए निधि उपलब्ध कराई जाएगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सुविधा देने के लिए आधुनिक ई-लाइब्रेरी भी शुरू की



जाएगी। संत रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने चर्मकार सेवा संघ की ओर से आयोजित गुणवंत विद्यार्थी सम्मान समारोह में दी।

कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा में 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 495 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के साथ युवाओं के रोजगार पर भी ध्यान दिया जाएगा। संत रोहिदास चर्मोद्योग एवं चर्मकार विकास महामंडल का नए सिरे से गठन कर प्रशिक्षण और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज का स्थायी विकास संभव है और संत रविदास महाराज के विचारों के अनुरूप विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का उद्देश्य है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने युवाओं से पारंपरिक डिग्री के साथ कौशल आधारित शिक्षा अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने चर्म उद्योग और पारंपरिक कलाओं में आधुनिक तकनीक के उपयोग से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ाने की जरूरत बताई। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चर्मकार समाज के नागरिकों को भी सम्मानित किया गया।

# फोटो-वीडियो के नाम पर महिला को ब्लैकमेल करने वाला भरत पालीवाल डिटेन

## कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की महिला पुलिसकर्मियों ने सादे वस्त्रों में निगरानी कर आरोपी को पकड़ा, फोटो-वीडियो डिलीट करवाकर भविष्य में परेशान नहीं करने के लिए पाबंद किया

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**चित्तौड़गढ़।** महिलाओं एवं युवतियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्हें परेशान करने, पीछा करने तथा फोटो-वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल करने जैसी गतिविधियों के विरुद्ध जिला पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट एवं महिला थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नाथद्वारा निवासी भरत पालीवाल को डिटेन किया। उस पर महिला को उसके फोटो एवं वीडियो को लेकर परेशान करने तथा ब्लैकमेल करने का आरोप था। महिला थाना अधिकारी रेणु खोईवाल ने बताया कि 14 सितंबर 2026 को एक महिला ने कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के माध्यम से शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में महिला ने बताया कि उसकी पूर्व में भरत पालीवाल निवासी नाथद्वारा से फ्रेंडशिप थी, लेकिन अब उक्त व्यक्ति उसके फोटो एवं वीडियो को लेकर आए दिन परेशान कर रहा है तथा ब्लैकमेल कर रहा है। शिकायतकर्ता ने अपने संबंधित थाने से कार्रवाई नहीं चाहने की बात कही थी। इस पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार शिकायत प्राप्त कर महिला थाना पुलिस ने मामले की जांच प्रारम्भ की।

### पीछा करने की सूचना पर सादे वस्त्रों में निगरानी

जांच के दौरान 25 सितंबर 2026 को सूचना प्राप्त हुई कि उक्त व्यक्ति शिकायतकर्ता का पीछा कर रहा है तथा उसे बार-बार परेशान किया जा रहा है। शिकायतकर्ता की सुरक्षा एवं संबंधित व्यक्ति की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए महिला थानाधिकारी रेणु खोईवाल के नेतृत्व में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने सादे वस्त्रों में निगरानी प्रारम्भ की।

### परेशान करने पहुंचा तो महिला पुलिसकर्मियों ने दबोचा

निगरानी के दौरान जैसे ही भरत पालीवाल शिकायतकर्ता को परेशान करने के उद्देश्य से उसके आसपास दिखाई दिया, पूर्व से सादे वस्त्रों में तैनात कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की महिला पुलिसकर्मियों एवं महिला थाना पुलिस की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे डिटेन कर लिया। संबंधित फोटो एवं वीडियो को डिलीट करवाया गया तथा भविष्य में किसी भी प्रकार से परेशान अथवा ब्लैकमेल नहीं करने के लिए उसे आवश्यक रूप से पाबंद किया गया।

### महिला सुरक्षा को लेकर लगातार निगरानी

महिला सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा लगातार क्षेत्र में निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट में तैनात महिला पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम

इस कार्रवाई में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की महिला कांस्टेबल रीना राजावत, आकांक्षा, गायत्री एवं लीला शामिल रहीं।

### महिला गरिमा हेल्पलाइन

जिला पुलिस ने महिलाओं एवं युवतियों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की परेशानी, छेड़छाड़, पीछा करने, ब्लैकमेलिंग अथवा अन्य महिला संबंधी समस्या होने पर महिला गरिमा हेल्पलाइन नंबर 1090 पर शिकायत एवं सहायता के लिए संपर्क करें।

# अजमेर में रिंग रोड की दिशा में अहम कदम, पुष्कर के लिए नया वैकल्पिक मार्ग होगा तैयार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**अजमेर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने वरूण सागर-लक्की चौराहा से खरेखड़ी तक 12 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके साथ ही काजीपुरा लक्की चौराहे की गली नंबर एक में बरमा टेंट हाउस से सोनू स्वामी एवं दिलीप सिंह के मकान तक 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का भी शुभारंभ किया गया। दोनों सड़कें सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जाएंगी। देवनानी ने कहा कि चामुंडा चौराहे से वरूण सागर, वरूण सागर से लक्की चौराहा-खरेखड़ी और खरेखड़ी से सावित्री मंदिर तक सड़क चौड़ीकरण के कार्य पूरे होने पर पुष्कर के लिए नया वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। चामुंडा चौराहे से वरूण सागर तक सड़क के लिए 7.11 करोड़ रुपये की स्वीकृति पहले ही जारी हो चुकी है, जबकि खरेखड़ी से सावित्री मंदिर तक सड़क के लिए एडीए से मंजूरी मिल चुकी है। इन कार्यों से आसपास के गांवों का शहर से संपर्क बेहतर होने के साथ आवागमन सुगम होगा। उन्होंने बताया कि वरूण सागर की डी-सील्टिंग, सौंदर्यीकरण और विकास के 31 करोड़ रुपये के कार्य प्रगतिरत हैं। यहां 3 करोड़ रुपये की लागत से 5 एमएलडी क्षमता का एसटीपी प्लांट भी बनाया जा रहा है। काजीपुरा में 18 करोड़ रुपये की लागत से लेपर्ड सफारी परियोजना का काम जारी है। कार्यक्रम में महापौर अनामिका शर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश पुलिस आरक्षक भर्ती-2026 का अंतिम परिणाम जारी, 560 पदों पर चयन

**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** मध्यप्रदेश पुलिस आरक्षक (बैंड) भर्ती-2026 का अंतिम परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। भर्ती परीक्षा के लिए 39,468 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। 560 पदों के लिए चयन सूची जारी की गई है। परिणाम एमपी ऑनलाइन और मध्यप्रदेश पुलिस की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। भर्ती परीक्षा 24 जून से 6 अगस्त 2026 तक भोपाल में आयोजित हुई थी। बैंड टेस्ट में सफल 1,271 अभ्यर्थियों के लिए 20 से 23 अगस्त तक साक्षात्कार हुए। बैंड टेस्ट और साक्षात्कार के अंकों के आधार पर अंतिम परिणाम तैयार किया गया।

## खबर संक्षेप

### श्री महावीर हनुमान मंदिर में धार्मिक आयोजन

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** श्री महावीर हनुमान मंदिर में धार्मिक आयोजन के तहत हनुमान अंश फिल्म का विशेष प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इसमें भाग



लिया। फिल्म के माध्यम से निस्वार्थ भक्ति, विश्वास और भक्त-भगवान के अटूट रिश्ते को प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा और श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष हरीश वर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी को सनातन संस्कृति और भक्ति की शक्ति से जोड़ना आवश्यक है। महामंत्री सी.पी. बंसल ने श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भक्त और भगवान का रिश्ता सृष्टि का सुंदर रिश्ता है। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के लिए पॉपकॉर्न, गुड़-चना और पूरी-चना का विशेष प्रसाद वितरित किया गया।
आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति के पदाधिकारियों गोपाल कृष्ण दशोरा, शोभा लाल मेनारिया और जगदीश जोशी सहित स्थानीय स्वयंसेवकों का योगदान रहा।

### विद्या भवन पॉलिटेक्निक के मेलजोल मेले में दिवेर विजय प्रस्तुति ने जीवंत किया इतिहास

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** विद्या भवन पॉलिटेक्निक में आयोजित मेलजोल मेले के शुभारंभ अवसर पर महाराणा प्रताप के जीवन और शासनकाल पर आधारित विचार एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। आरएसएमएम लिमिटेड की वित्त सलाहकार एवं राजस्थान लेखा सेवा की वरिष्ठ अधिकारी भारती राज ने कहा कि महाराणा प्रताप का शासनकाल सुशासन, वित्त प्रबंधन, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, मानव संसाधन के प्रभावी संयोजन तथा जल एवं प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन का प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन के विद्यार्थियों से प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।
कार्यक्रम में विद्या भवन पॉलिटेक्निक एवं मीरा गर्ल्स कॉलेज के विद्यार्थियों ने दिवेर विजय पर आधारित नाट्य प्रस्तुति दी। गीत, संवाद, अभिनय और नृत्य के माध्यम से महाराणा प्रताप के संघर्ष और दिवेर के ऐतिहासिक प्रसंग को जीवंत किया गया। भारती राज, यूसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष कोमल सिंह कोठारी, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक गौरी कांत शर्मा तथा प्राचार्य डॉ. अनिल मेहता ने प्रस्तुति में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कोमल सिंह कोठारी ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया और विद्या भवन की 95 वर्षों की शैक्षणिक परंपरा एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अनिल मेहता ने विद्यार्थियों से तकनीकी शिक्षा के साथ समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद और मेलजोल बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक प्रकाश सुंदरम के निर्देशन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों द्वारा लगाए गए खान-पान, खेल एवं मनोरंजन के स्टॉल पर भी लोगों ने सहभागिता की।

### कांग्रेस अपने आरोपों के प्रमाण दे-सीएम

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कांग्रेस पर चुनाव आयोग की छवि खराब करने का आरोप लगाया है। जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि किसी संवैधानिक संस्था पर गंभीर आरोप लगाने से पहले तथ्यों की पुष्टि होनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस से अपने दावों के समर्थन में दस्तावेज सार्वजनिक करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग के भीतर मतभेद होने का दावा किया था। उनके अनुसार, आयोग ने 26 सितंबर को जारी संयुक्त स्पष्टीकरण में कहा है कि एसआईआर सहित प्रमुख निर्णय तीनों चुनाव आयुक्तों की सहमति से लिए गए। शर्मा ने सवाल किया कि इस स्पष्टीकरण के बाद कांग्रेस अपने आरोपों की समीक्षा करेगी या नहीं। कैबिनेट सचिव को भेजे गए एक पत्र का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उसे एसआईआर से जोड़कर प्रस्तुत किया गया, जबकि आयोग के अनुसार वह प्रतिनियुक्ति पर आए एक अधिकारी के प्रशासनिक कामकाज से संबंधित आंतरिक मामला था। उन्होंने फॉर्म संख्या 6 में कथित बदलाव के दावे पर भी कांग्रेस से आधिकारिक दस्तावेज दिखाने को कहा।शर्मा ने कहा कि मतदाता सूची को सटीक बनाने के साथ पात्र लोगों के नाम जोड़ने के प्रयासों पर भी चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने विशेष शिविरों, बेघर और श्रमिक मतदाताओं तक पहुंचने तथा बूथ लेवल अधिकारियों के घर-घर जाकर फॉर्म एकत्र करने के प्रयासों का उल्लेख किया।

# नई दिल्ली में अशोक सिंहल की जन्मशताब्दी वर्ष के उद्घाटन समारोह को अमित शाह ने किया संबोधित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंहल की जयंती पर आयोजित जन्मशताब्दी वर्ष के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अशोक सिंहल के जीवन में त्याग, सादगी, राष्ट्रभक्ति, धर्मनिष्ठा और संघर्ष जैसे गुणों का संगम था। उन्होंने विद्यार्थी, स्वयंसेवक और प्रचारक से लेकर विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष तक विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपना जीवन हिंदुत्व के लिए समर्पित किया। शाह ने कहा कि समृद्ध परिवार में जन्म लेने के बावजूद सिंहल ने सादगीपूर्ण जीवन अपनाया और विहिप कार्यालय के छोटे कक्ष में 20 वर्ष






बिताए। अमित शाह ने कहा कि अशोक सिंहल हिंदू धर्म, वेद, उपनिषद, संस्कृति और संत परंपरा के प्रति गहरी आस्था रखते थे। राम जन्मभूमि आंदोलन उनके जीवन का प्रमुख विषय रहा और उन्होंने भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए अपना जीवन समर्पित किया। शाह ने कहा कि सिंहल का व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन अलग-अलग नहीं था तथा उन्होंने संगठन के कार्य को साधना के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि जन्मशताब्दी वर्ष के माध्यम से सिंहल के जीवन, विचार और कार्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा। उनके अनुसार समाज द्वारा अपने नायकों का स्मरण किया जाना युवाओं को प्रेरणा और दिशा देने के लिए आवश्यक है। समारोह के दौरान 11 श्रीराम स्तंभों का डिजिटल लोकार्पण भी किया गया। शाह ने कहा कि ये स्तंभ श्रीराम वनगमन पथ और भगवान राम के जीवन के संदेश को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का माध्यम बनेंगे। उन्होंने राम जन्मभूमि आंदोलन और मंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पांच वर्षों में रुकावटें दूर हुईं और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न सेवा प्रकल्पों की प्रस्तुति भी दी गई।

## उदयपुर में जन सेवा शिविरों से ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ, किसान परिवार को 2 लाख रुपये की सहायत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत गिरदावर सर्कल स्तर पर आयोजित जन सेवा शिविर आमजन के लिए राहत का माध्यम बन रहे हैं। ग्राम पंचायत मगवास के लर्निंग सेंटर में आयोजित सेवा सेतु शिविर में स्थानीय प्रशासन ने ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण करते हुए उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा। मगवास निवासी मंजूदेवी चौहान के पति की कृषि कार्य के दौरान मृत्यु होने पर मुख्यमंत्री किसान साथी योजना के तहत 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई और शिविर में उन्हें डमी चेक प्रदान किया गया।

50 से अधिक ग्रामीणों को राशन कार्ड, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, प्रशिक्षण सामग्री और शैक्षिक पुस्तिकाओं सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला। ऋषभदेव में आयोजित शिविर में सुगना मेघवाल ने




मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत अपनी दुधारू भैंस का पंजीकरण करवाकर बीमा पॉलिसी प्राप्त की। भूधर में लाली देवी ने अपनी 10 बकरियों का बीमा करवाया और सभी बीमा पॉलिसियां प्राप्त कीं। इसी प्रकार गोगुंदा निवासी खुमान सिंह राव ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अपने घर पर सोलर रूफटॉप लगवाया। उनकी पहल को प्रोत्साहित करने के लिए शिविर में उन्हें इंडक्शन कुकटॉप प्रदान किया गया। इससे ग्रामीणों को सौर ऊर्जा अपनाने और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया गया।

## उदयपुर में रविवार को बैंक खोलने के फैसले के विरोध में बैंककर्मियों ने पहने काले कपड़े

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** निर्धारित साप्ताहिक अवकाश के दिन रविवार को बैंक खोलने के सरकार के फैसले के विरोध में बैंककर्मियों ने रविवार को अपनी-अपनी शाखाओं में काले कपड़े पहनकर काम किया और विरोध दर्ज कराया। बैंककर्मियों ने इसे कर्मचारियों के अधिकारों और निर्धारित साप्ताहिक अवकाश की व्यवस्था में हस्तक्षेप बताते हुए रोष जताया। रविवार को बैंक खोलने के प्रचार को लेकर कर्मचारियों ने सोशल मीडिया पर भी व्यंग्यात्मक टिप्पणियां कीं और पांच दिवसीय बैंकिंग की लंबे समय से लंबित मांग पर निर्णय लेने की मांग उठाई।

बैंक संगठनों ने निर्णय को एकतरफा बताते हुए आंदोलन को व्यापक करने की चेतावनी दी है। यूएफबीयू के आह्वान



पर 28, 29 और 30 सितंबर को तीन दिवसीय देशव्यापी बैंक हड़ताल के तहत उदयपुर में भी आंदोलनात्मक कार्यक्रम होंगे। यूएफबीयू संयोजक डीके जैन ने बताया कि 28 सितंबर को सुबह 10:30 बजे टाउन हॉल स्थित पंजाब नेशनल बैंक के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ उदयपुर के क्षेत्रीय सचिव एवं ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन राजस्थान इकाई के संगठन सचिव धर्मवीर भाटिया ने बताया कि प्रदर्शन में अधिकारी एवं कर्मचारी काले कपड़े पहनकर शामिल होंगे।
बैंक संगठनों ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से अधिक संख्या में प्रदर्शन में शामिल होकर एकजुटता प्रदर्शित करने का आह्वान किया है। संगठनों ने कहा कि पांच दिवसीय बैंकिंग सहित लंबित मांगों का समाधान नहीं होने पर आंदोलन और व्यापक किया जाएगा तथा 26 अक्टूबर 2026 से अनिश्चितकालीन देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया जाएगा।

### राजसमंद में 3.312 किलो अवैध गांजा जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत नार्को टिप हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत पर रेलमगरा पुलिस ने मड रोड मोरचा गांव की सरहद में कार्रवाई करते हुए 3.312 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया। पुलिस ने खेत से गांजा बरामद कर आरोपी राजेश रेगर, उम्र 29 वर्ष, निवासी छोटा रेगर मोहल्ला, रेलमगरा को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार आरोपी के खेत की तलाशी के दौरान पाली पर बनी टाप के नीचे घास-फूस की बोरियों में छिपाकर रखा गांजा बरामद हुआ। मामले में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान शुरू किया गया है। जांच उप निरीक्षक कैलाशचन्द्र पालीवाल, थाना केलवाड़ा द्वारा की जा रही है।

## गुजरात के 11.42 करोड़ रुपये के डिजिटल गिरफ्तारी मामले में सीबीआई ने दो और आरोपी गिरफ्तार किए

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने ऑपरेशन चक्र-श्क के तहत डिजिटल गिरफ्तारी से जुड़े साइबर अपराधों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 राज्यों में 22 स्थानों पर समन्वित तलाशी ली। इसी कार्रवाई के दौरान गुजरात से जुड़े 11.42 करोड़ रुपये के डिजिटल गिरफ्तारी मामले में हिमांशु प्रसाद और यूनिस बिस्वास को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में बैंकिंग दस्तावेज, खातों से संबंधित रिकॉर्ड, डिजिटल उपकरण और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए गए हैं, जिनकी फोरेंसिक जांच की जा रही है।जांच के अनुसार साइबर अपराधियों ने पुलिस और भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के अधिकारियों का रूप धारण कर पीड़ित को कथित तौर पर तीन महीने तक डिजिटल गिरफ्तारी में रखा और 11.42 करोड़ रुपये गिरोह द्वारा नियंत्रित खातों में स्थानांतरित करवाए। जांच में सामने आया कि दोनों गिरफ्तार आरोपियों ने मेसर्स हेक्साक्वेस्ट ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खाते के माध्यम से ठगी की राशि में से 2.5 करोड़ रुपये प्राप्त किए और उसे आगे सहयोगियों के खातों में स्थानांतरित किया। जब्त डिजिटल उपकरणों से चैट, संदेश और दस्तावेज भी मिले हैं। सीबीआई के अनुसार पिछले 30 दिनों में डिजिटल गिरफ्तारी से जुड़े चार मामलों में 22 राज्यों में 142 स्थानों पर तलाशी लेकर 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जांच एजेंसी गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

सीबीआई ने लोगों को आगाह किया है कि कोई भी पुलिस, सीबीआई या अन्य सरकारी एजेंसी डिजिटल गिरफ्तारी नहीं करती और फोन या वीडियो कॉल के माध्यम से धनराशि की मांग नहीं करती। ऐसे मामलों में राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 या साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत की जा सकती है।

## राजसमंद में कुएं से रहट का सामान और पानी के डिब्बे चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार




**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** केलवाड़ा थाना क्षेत्र में कुएं से रहट का लोहे का सामान और पानी के डिब्बे चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया रहट का सामान और डिब्बे बरामद किए। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।
पुलिस के अनुसार 23 सितंबर 2026 को काकरवा निवासी सोहनसिंह ने रिपोर्ट दी थी कि काकरवा में तला पाछली भागल, सीमाई की भागल स्थित उसके और सामुदायिक कुएं पर लगे रहट का लोहे का सामान, जिसमें करीब 30 से 40 पानी के डिब्बे थे, चोरी हो गए। रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक महेंद्र पारीक एवं वृत्ताधिकारी कुंभलगढ़ जितेंद्रसिंह के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी तेजकरणसिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने आसूचना संकलन एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर राजेंद्रसिंह उर्फ राजूसिंह पुत्र शंकरसिंह, उम्र 21 वर्ष, निवासी सीमाई की भागल काकरवा को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी का रहट का सामान और डिब्बे बरामद किए गए।

## राजस्थान में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत 3.40 लाख लीटर से अधिक वॉश नष्ट, 407 गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय के खिलाफ चल रहे विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त और दबिश की कार्रवाई जारी है। अभियान के तहत अब तक 3 लाख 40 हजार 31 लीटर वॉश नष्ट की गई है, जबकि हथकड़ मदिरा और अन्य राज्यों की मदिरा के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।
23 सितंबर 2026 तक अभियान के तहत 1004 अभियोग दर्ज किए गए। कार्रवाई में 7 लाख 46 हजार 215 रुपये कीमत की 2723 लीटर देशी मदिरा, 1 करोड़ 4 लाख 67 हजार 540 रुपये कीमत की 10512 लीटर भारत निर्मित विदेशी मदिरा, 2 लाख 87 हजार 144 रुपये कीमत की 1268 लीटर बीयर, 8463 लीटर हथकड़ शराब



और 350 लीटर स्प्रिट जब्त की गई। इसके अलावा एक बड़ा वाहन, 10 चारपहिया और 20 दुपहिया सहित 31 वाहन जब्त किए गए तथा अवैध मदिरा से संबंधित 407 लोगों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के तहत जयपुर शहर में हरियाणा की मदिरा से भरे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जयपुर ग्रामीण में हरियाणा की मदिरा और हथकड़ शराब, बीकानेर में देशी मदिरा, भीलवाड़ा में 600 लीटर वॉश व अवैध मदिरा की भट्टियां, गंगापुर में अंग्रेजी मदिरा, कोटा में अंग्रेजी-देशी मदिरा व बीयर तथा हनुमानगढ़ में देशी मदिरा और हथकड़ शराब जब्त की गई। प्रदेश के सभी जिलों में आबकारी विभाग की टीमें नाकाबंदी, दबिश और सघन गश्त के माध्यम से अवैध मदिरा के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं।

### 28 से सात दिवसीय नॉर्थ-ईस्ट पेंटर्स कैंप

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** ऑक्टेव 2026 के तहत पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की ओर से 28 सितंबर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सात दिवसीय नॉर्थ-ईस्ट पेंटर्स कैंप आयोजित किया जाएगा। कैंप आरआईसी के लोअर ग्राउंड एग्जिबिशन हॉल नंबर-3 में होगा। आयोजन केंद्रीय ललित कला अकादमी, नई दिल्ली के सहयोग से किया जा रहा है। शिविर में त्रिपुरा, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम और मणिपुर के 10 कलाकार भाग लेकर अपनी चित्रकला प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### जयपुर में राजस्व रिकॉर्ड में पति का नाम जुड़ने से मीनाक्षी कुमारी की वर्षों पुरानी समस्या दूर

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत ग्राम पंचायत टांकरड़ा में आयोजित राजस्व शिविर में मीनाक्षी कुमारी के राजस्व रिकॉर्ड से जुड़ी वर्षों पुरानी समस्या का मौके पर समाधान किया गया। उनके नाम दर्ज खाता संख्या 141 में पति का नाम दर्ज नहीं होने से उन्हें सरकारी योजनाओं, कृषि सुविधाओं और राजस्व संबंधी कार्यों में परेशानी हो रही थी। शिविर में आवेदन मिलने के बाद राजस्व विभाग की टीम ने दस्तावेजों का सत्यापन किया और खाता संख्या 141 में मीनाक्षी कुमारी के पति मुकेश कुमार चौधरी का नाम नियमानुसार दर्ज कर दिया। रिकॉर्ड में सुधार होने से उन्हें भूमि से जुड़े सरकारी लाभ एवं योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। समस्या के त्वरित समाधान पर मीनाक्षी कुमारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार जताया।

### आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का समापन, 2394 आंगनवाड़ी केंद्रों पर हुई विविध गतिविधियां



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत चल रहे आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का रविवार को समापन हुआ। तीसरे दिन जिले के शेष 800 से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। झाड़ोल विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत ढेडमारिया में आयोजित कार्यक्रम में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी शामिल हुए। उन्होंने बच्चों को न्यूट्री बॉक्स वितरित किए और गर्भवती माताओं की गोद भराई कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा सहयोगिनियों का भी सम्मान किया गया। मंत्री खराड़ी ने कहा कि राज्य सरकार मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए आंगनवाड़ी केंद्रों को सेवा, संस्कार और सशक्तिकरण के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। माछला मगरा, टेकरी, रोशन नगर, इंदिरा कॉलोनी सहित 36 अन्य आंगनवाड़ी केंद्रों पर भी कार्यक्रम हुए। बाल विकास परियोजना अधिकारी राजेश शर्मा, महिला पर्यवेक्षक शारदा बंसीवाल, सीमा जगन और जया वीरवाल ने पोषण, स्वास्थ्य एवं आंगनवाड़ी सेवाओं की जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक नंदलाल मेघवाल ने बताया कि 25 से 27 सितंबर तक जिले के 2394 आंगनवाड़ी केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें अन्नप्राशन, गोदभराई, प्रवेशोत्सव, रंगोली, चित्रकला, कहानी-कविता पठन, लाभार्थियों से संवाद, योजनाओं की जानकारी और नए लाभार्थियों का पंजीकरण शामिल रहा। कार्यक्रमों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज, राजस्व एवं कृषि विभाग के कार्मिकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, पोषण सखियों और आमजन ने सहभागिता की।

## मुस्कान क्लब के साप्ताहिक विशेष कार्यक्रम में 32 सदाबहार गीतों की स्वरलहरी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** मुस्कान क्लब के साप्ताहिक विशेष कार्यक्रम में कराओके समूह की त्रैमासिक प्रस्तुति का शुभारंभ 32 सदाबहार गीतों की स्वरलहरियों के साथ हुआ। इसके साथ लिवर ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. साहिल गुप्ता ने स्वस्थ यकृत विषय पर स्वास्थ्य वार्ता की। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि सूरजमल पोरवाल ने डॉ. गुप्ता का परिचय कराया, जिसके बाद केके त्रिपाठी सहित सदस्यों ने उनका सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि यकृत संबंधी बीमारी के शुरूआती लक्षणों को अक्सर नजरअंदाज करने से समस्या गंभीर हो जाती है। समय रहते जांच और अल्ट्रासाउंड से फैटी लिवर का पता लगाया जा सकता



है। उन्होंने शक्कर और गेहूं का सेवन कम करने, अन्य अनाज को आहार में शामिल करने तथा नियमित हल्का व्यायाम और योग करने की सलाह दी। उन्होंने बिना दूध और शक्कर वाली काली कॉफी को भी लिवर की वसा कम करने में सहायक बताया। सूरजमल पोरवाल के मंत्रोच्चार के बाद चिट निकालकर 32 सदस्यों ने गीतों की प्रस्तुति दी। इनमें अमर माथुर, सविता उपाध्याय, दिलीप सुराणा, नलिनी बंधु, गिरीश तलदार, मधुबाला वर्डिया, केएस चौहान, लक्ष्मी माथुर, पराग सिंह भाटी, विजय शर्मा, जय किशन आसवानी, विमल शर्मा, सुधा व्यास, अजीत सिंह खींची, ईश्वर जैन, देवव्रत पंड्या, प्रदीप चौहान, रजनी जोशी, मंजू सनाढ्य, सीएस सांखला, शीला चौधरी, नारायण लाल लोहार, कुसुम लता त्रिपाठी, अरुण चौबीसा, हरीश बहादुर, राज कुमार दीक्षित, अशोक जोशी, राज कुमार बापना, सुनीता सिंह, लक्ष्मी आसवानी, अंबा लाल साहू और केके त्रिपाठी शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में सितंबर माह में जन्मे 27 सदस्यों का सामूहिक बहुमान कर उनके दीर्घ जीवन की मंगलकामना की गई। राष्ट्रगान और अल्पाहार के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## खबर संक्षेप

### उदयपुर-सलूंबर में पीएमश्री स्कूलों की बालवाटिकाओं को मिलेंगी टीएलएम किट

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा-2022 के तहत उदयपुर और सलूंबर जिलों के 30 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों की बालवाटिकाओं में गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक छात्र के हिसाब से 500 रुपये और अधिकतम 75 छात्रों के मान से प्रति विद्यालय 37,500 रुपये तक की राशि स्वीकृत की गई है। इससे बच्चों के शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषायी और बौद्धिक विकास के लिए खेल सामग्री एवं पहेलियां खरीदी जाएंगी। समग्र शिक्षा उदयपुर के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कुंज बिहारी भारद्वाज ने बताया कि बालवाटिकाओं के लिए खरीदी जाने वाली सामग्री सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता की होगी। खिलौने भारतीय मानक ब्यूरो के प्रमाणन के अनुरूप खरीदे जाएंगे।

### संचार विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुख्य सचिव, वी. श्रीनिवास ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार आयुक्त, हिमांशु गुप्ता सहित विभाग के आलाअधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभाग की विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं, उपलब्धियों एवं आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने ई-गवर्नेंस, डिजिटल सेवा वितरण, साइबर सुरक्षा, डेटा प्रबंधन, स्टार्टअप एवं नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति से मुख्य सचिव को अवगत कराया।

# गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में झगड़े के दौरान अक्षय की हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई, जल्द होगा खुलासा

## मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा, मौके से फॉरेंसिक यूनिट ने महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में झगड़े के दौरान अक्षय की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू करते हुए घटना के शीघ्र खुलासे के प्रयास तेज कर दिए हैं। पुलिस के अनुसार 27 सितंबर 2026 को परिवादी गोरधन कालबेलिया निवासी जोगी तालाब ने एमबी अस्पताल उदयपुर में रिपोर्ट पेश की कि उसका पुत्र अक्षय और अन्य रिश्तेदार विशाल, अजय व लक्ष्मण 26 सितंबर की रात करीब 9 बजे दुकान से




सामान लेकर मोटरसाइकिल से घर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान करीब 20 युवक मोटरसाइकिलों एवं कार से आए और आते ही महेंद्र का मकान पूछा। वहां मौजूद लोगों द्वारा जानकारी नहीं होने की बात कहने पर आरोपियों ने अक्षय, विशाल, अजय व लक्ष्मण पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। चोट लगने से अक्षय की मृत्यु हो गई, जबकि विशाल और अजय घायल हो गए।

परिवादी के अनुसार उसे जानकारी मिली कि एक दिन पहले जिन युवकों का महेंद्र से झगड़ा हुआ था, उनके साथी एक राय होकर महेंद्र को जान से मारने की नीयत से आए थे और महेंद्र के नहीं मिलने पर उसके पुत्र व रिश्तेदारों के साथ उक्त घटना की। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए वारिसों को सौंपा गया। फॉरेंसिक साइंस यूनिट की टीम को मौके पर बुलाकर महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए गए।

### संदिग्धों से पूछताछ जारी

पुलिस ने संदिग्धों को चिह्नित कर 10 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ शुरू की है। पुलिस टीमों ने पूरी रात प्रयास करते हुए संदिग्धों से पूछताछ कर घटना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाई हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

### पुलिस टीम का गठन

पुलिस टीम का गठन जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मुकुल शर्मा के सुपरविजन तथा पुलिस उप अधीक्षक वृत्त गिर्वा छगन पुरोहित के नेतृत्व में किया गया। टीम में गोवर्धन विलास थानाधिकारी सुनील चारण, सविना थानाधिकारी दलवीर सिंह सहित दोनों थानों की टीमें, पुलिस थाना प्रतापनगर एवं सुखेर के जाप्ते तथा साइबर सेल की टीमें शामिल हैं।

# भारत जैन महामंडल राष्ट्रीय महिला विंग द्वारा बिज कनेक्ट बिजनेस वुमन नेटवर्क का सफल आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

मुंबई। भारत जैन महामंडल महिला विंग की अध्यक्षा सीए तरुणा बोहरा की अध्यक्षता में बिज कनेक्ट बिजनेस वुमन नेटवर्क का विशेष कार्यक्रम जुहू स्थित थाइम एंड व्हिस्क रेस्टोरेंट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक शीतल साँखला रहीं। कार्यक्रम में लगभग 50-55 महिला उद्यमियों एवं व्यवसाय से जुड़ी बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी प्रतिभागियों का नाम-पट्टी पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत परिचय सत्र से हुई, जिसमें सभी बहनों ने अपने व्यवसाय, उत्पाद



एवं सेवाओं के बारे में जानकारी साझा की। इसके बाद प्रतिभागियों को विभिन्न समूहों में विभाजित कर उत्पाद एवं व्यवसाय के प्रचार-प्रसार, सामाजिक माध्यमों पर प्रभावी उपस्थिति, विपणन, ब्रांड निर्माण और ग्राहक तक पहुंच जैसे विषयों पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। समूहों में बहनों ने अपने अनुभव और रचनात्मक सुझाव साझा किए। कार्यक्रम में लुसीरा ज्वेलरी की संस्थापिका वंदना जैन का विशेष सहयोग रहा। वहीं स्टूडियो रेरे की साक्षी मेहता ने वेन्यू पार्टनर के रूप में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिज कनेक्ट टीम की डिंपल लोधा, सीमा सिंघवी, विद्या वडाला, रेखा चोरडिया एवं सपना वडालमिया का विशेष सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर सीए तरुणा बोहरा ने कहा कि महिलाओं के लिए केवल व्यवसाय करना ही नहीं, बल्कि एक-दूसरे से जुड़ना, अनुभव साझा करना और सामूहिक रूप से आगे बढ़ना भी महत्वपूर्ण है। बिज कनेक्ट का उद्देश्य महिलाओं को एक सशक्त मंच प्रदान कर आपसी जुड़ाव, सहयोग और विकास के अवसर तैयार करना है। बहनों की शानदार प्रस्तुतियों और सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का समापन नए व्यावसायिक संपर्कों, सकारात्मक ऊर्जा और साथ मिलकर आगे बढ़ने के संकल्प के साथ हुआ।

### जोधपुर संभाग में विशेष गिरदावरी और चारा डिपो खोलने पर चर्चा

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने शासन सचिवालय में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) श्री अखिल अरोड़ा से एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक के दौरान उन्होंने प्रदेश में इस वर्ष हुई कम बारिश के कारण जोधपुर संभाग में पशुपालकों और किसानों के सामने उत्पन्न हुए गंभीर संकट से निपटने के लिए तुरंत आवश्यक कदम उठाने पर चर्चा की। कुमावत ने वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि कमजोर मानसून और कम बारिश के चलते जोधपुर संभाग के कई जिलों में खेती-किसानी को भारी नुकसान पहुंचा है।



# ब्रह्मांड के रहस्यों पर अमिताभ बच्चन बोल

● *कहा-सब कुछ भगवान की कृपा पर*

**मेगास्टार** अमिताभ बच्चन अक्सर सोशल मीडिया के जरिए जीवन के बड़े सवालों पर विचार करते रहते हैं। उन्होंने ब्रह्मांड के रहस्यों, विज्ञान की सीमाओं और आस्था के महत्व पर अपनी राय साझा की। अभिनेता अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में जीवन के प्रति सवालों पर राय साझा करते हुए लिखा, 'तारे तो चलते हैं लेकिन उनकी खोज हम सबसे दूर ही रहती है...अंतरिक्ष, आकाशगंगा और ब्लैक होल का कोई पक्का जवाब नहीं है। वो आज भी एक आकर्षण बने हुए हैं लेकिन हमसे दशकों दूर हैं और जब उनके अस्तित्व को समझने या बताने की कोशिश की जाती है, तो कोई पक्का जवाब नहीं मिलता।' उन्होंने लिखा, 'सब कुछ भगवान की कृपा पर छोड़ा जाता है या कुछ ऐसी ताकतों पर जो इसे बनाती है। शायद ऐसे तरीके से जो किसी को पता नहीं, तो अगर ये सबको पता ही नहीं होना था, तो इसे बनाया ही क्यों गया और इतनी खूबसूरती से बनाया गया। इसका अंदरूनी और बाहरी रूप हमेशा से सबसे बड़ा रहस्य बना हुआ है और जब भगवान के बारे में बताया जाता है, तो लाखों लोग अपने सारे दुख भूलकर बच्चों को इसके मूल्यों के बारे में सिखाते हैं और इस तरह आस्था और भी बढ़ती जाती है।' मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने बताया कि उन्होंने कहीं पढ़ा था कि 'आस्था को भी वैज्ञानिक सबूत की जरूरत होती है'।

***उन्होंने लिखा, 'नहीं तो ये काम कैसे करेगी लेकिन इसके जवाब में कहा जाता है कि आस्था और प्रार्थना से जो सुकून और जवाब मिलते हैं, वो मशीनों और आविष्कारों की दुनिया में नहीं मिल सकते और बहुत सी ऐसी बातें हैं जिनका कोई जवाब नहीं है, इसलिए उन्हें जल्दी से भगवान से जोड़ दिया जाता है।***



**अब प्रोजेक्ट्स के बीच जी पाती हूं अपनी जिंदगी**

# ओटीटी पर काम कर खुश हैं आशा नेगी

**अभिनेत्री आशा नेगी वेब सीरीज 'अली बाबा और 40 भूत' में अपने अभिनय से दर्शकों के दिलों में खास जगह बना रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि इस समय वह अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर काम करने की आजादी का लुत्फ उठा रही हैं। बातचीत में अभिनेत्री ने अपने टीवी सफर को याद करते हुए कहा कि अब उन्हें ऐसा काम करने में मजा आ रहा है जो उन्हें प्रोजेक्ट्स के बीच थोड़ा खुद के लिए जीने का मौका देता है और फिर बिल्कुल अलग किरदारों में पर्दे पर लौटने का मौका देता है।**

**अभिनेत्री** आशा नेगी वेब सीरीज 'अली बाबा और 40 भूत' में अपने अभिनय से दर्शकों के दिलों में खास जगह बना रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि इस समय वह अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर काम करने की आजादी का लुत्फ उठा रही हैं। आईएएनएस के साथ बातचीत में अभिनेत्री ने अपने टीवी सफर को याद करते हुए कहा कि अब उन्हें ऐसा काम करने में मजा आ रहा है जो उन्हें प्रोजेक्ट्स के बीच थोड़ा खुद के लिए जीने का मौका देता है और फिर बिल्कुल अलग किरदारों में पर्दे पर लौटने का मौका देता है। अभिनेत्री ने कहा, 'मैं एक एक्टर हूं और बस एक्टिंग करना चाहती हूं। अच्छे प्रोजेक्ट्स करना चाहती हूं, चाहे वो ओटीटी हो, फिल्म हो या फिर टेलीविजन। फिलहाल मैं बस आजाद रहना चाहती हूं और इस समय मैं ज्यादा ओटीटी इसलिए कर रही हूं क्योंकि यह एक-दो या तीन महीने में खत्म हो जाता है और फिर आप फ्री हो जाते हो।' अभिनेत्री ने बताया कि ओटीटी पर काम करने के बाद आप अपनी जिंदगी को भी अच्छे से जी पाते हैं। उन्होंने कहा, 'फिर आप थोड़ी अपनी जिंदगी भी जीते हैं क्योंकि मुझे याद है कि टेलीविजन पर काम करते हुए मेरी अपनी कोई जिंदगी ही नहीं थी। हालांकि, ओटीटी में काम करने के बाद आप थोड़ा अपनी जिंदगी जीते हैं, फिर आप दूसरे प्रोजेक्ट पर जाते हैं और आप एक बिल्कुल अलग किरदार निभा रहे होते हैं।' आशा नेगी ने बताया कि उन्हें नए-नए किरदारों को एक्सप्लोर करने की ये प्रोसेस पसंद आ रही है। इस सीरीज में आशा नेगी ने 'अलीशा निगम' नाम की एक घोस्ट हंटर का किरदार निभाया है, जो अपने लापता पुरातत्वविद् पिता को ढूंढने अपने होमटाउन जाती है।

# 17 साल की उम्र में जैकी श्रॉफ के साथ काम करने से डर गई थीं करिश्मा



बोलीं-
**बहुत नर्वस थी**

**एक्ट्रेस** करिश्मा कपूर ने अपने शुरुआती फिल्मी दिनों को याद करते हुए मशहूर एक्टर जैकी श्रॉफ के साथ काम करने का अनुभव शेयर किया। करिश्मा ने बताया कि उन्होंने जैकी श्रॉफ के साथ 1992 में आई फिल्म 'पुलिस ऑफिसर' में काम किया था। यह उनके करियर की शुरुआती फिल्मों में से एक थी और उस वक्त वह सिर्फ 17 साल की थीं। फिल्म में एक बड़ा डांस नंबर था, जिसको लेकर वह काफी नर्वस भी थीं। दरअसल, 'इंडियाज बेस्ट डांसर' सीजन 5 में जैकी श्रॉफ बतौर गेस्ट शामिल हुए। इस दौरान शो की जज करिश्मा ने उनके साथ काम के अनुभव को याद करते हुए कहा, ''मुझे नहीं पता जग्गू दादा, आपको याद है या नहीं, लेकिन मैं कहना चाहती हूं कि मैंने आपके साथ एक फिल्म की थी, जिसका नाम 'पुलिस ऑफिसर' था। यह मेरी शुरुआती फिल्मों में से एक थी। बहुत पहले की बात है, तब मैं सिर्फ 17 साल की थी। यह 'प्रेम कैदी' के बाद की बात है।'' करिश्मा ने आगे उस फिल्म के एक गाने का जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''उसमें एक गाना था 'देखो ये लड़की करंट मारती है' . . . यह बहुत बड़ा गाना था, जिसमें काफी सारे डांसर्स थे। मुझे लगता है कि यह पहली बार था जब मैंने इतने सारे डांसर्स और किसी बड़े स्टार के साथ काम किया था। इसलिए मैं काफी डरी हुई और नर्वस भी थी।'' करिश्मा ने आगे कहा, ''जैकी श्रॉफ के साथ काम करने को मेरे लिए सम्मान और खुशी की बात बताया। आपके साथ काम करना मेरे लिए हमेशा खास रहेगा।'' वहीं जैकी श्रॉफ ने भी करिश्मा कपूर की जमकर तारीफ की। उन्होंने करिश्मा को शानदार एक्ट्रेस बताते हुए कहा कि वह एक मल्टीटैलेंटेड कलाकार हैं और कुछ भी कर सकती हैं। जैकी श्रॉफ ने कहा, ''एक शानदार और प्यारी महिला के साथ काम करना मेरे लिए सम्मान और खुशी की बात है। वह मल्टीटैलेंटेड हैं और कुछ भी कर सकती हैं। वह ऐसे परिवार से आती हैं, जो हमारी इंडस्ट्री का एक मजबूत हिस्सा रहा है। मुझे आपके परिवार और आप पर बहुत गर्व है। मुझे प्यार देने और पसंद करने के लिए शुक्रिया।'' करिश्मा कपूर और जैकी श्रॉफ ने 1992 में रिलीज हुई फिल्म 'पुलिस ऑफिसर' में साथ काम किया था। फिल्म का डायरेक्शन अशोक गायकवाड़ ने किया था। इसमें अरुणा ईरानी और परेश रावल भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म की कहानी जय नाम के एक ईमानदार और मेहनती पुलिस ऑफिसर के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी हत्या कर दी जाती है। इसके बाद किशन नाम का एक ठग उसकी जगह लेता है और अपने भाई की मौत का बदला लेने का फैसला करता है।

# इसे सुनते ही डांस करने का मन करता है

**हेली शाह का नवरात्र स्पेशल सॉन्ग 'गलगोटो' रिलीज**



**एक्ट्रेस** हेली शाह इन दिनों अपने अलग-अलग प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। ओटीटी शो 'चुंबक' में कॉमेडी रोल में नजर आने के बाद अब हेली शाह का एक बिल्कुल अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। वह फेस्टिव सॉन्ग 'गलगोटो' में नजर आ रही हैं, जिसे नवरात्र सेलिब्रेशन से पहले रिलीज किया गया है।

गाने में हेली शाह और देवर्षि शाह की जोड़ी दिखाई दे रही है, जबकि इसे मोनाली ठाकुर, पार्थ ओझा और सुहित अभ्यंकर ने अपनी आवाज दी है। 'गलगोटो' को लेकर हेली शाह भी काफी एक्साइटेड हैं। एक्ट्रेस ने गाने के बारे में बात करते हुए कहा, ''इसे सुनते ही किसी का भी उठकर डांस करने का मन करने लगता है। इस गाने की शूटिंग का पूरा एक्सपीरियंस काफी एनर्जी से भरा हुआ था। मैं चाहती हूं कि लोग इस गाने के साथ नवरात्र सेलिब्रेट करें और इसे खूब एंजॉय करें।'' उन्होंने आगे कहा, ''गाने का म्यूजिक वीडियो भी फेस्टिव फील देता है। इसमें तेज बीट्स, एनर्जेटिक म्यूजिक और कलरफुल विजुअल ट्रीटमेंट का इस्तेमाल किया गया है। नवरात्र के दौरान गरबा और डांस के माहौल को देखते हुए गाने की पूरी फील को काफी जश्न वाला रखा गया है।'' 'गलगोटो' को मोनाली ठाकुर, पार्थ ओजा और सुहित अभ्यंकर ने गाया है। गाने को सुहित अभ्यंकर ने कंपोज किया है, जबकि इसके लिरिक्स जय तन्ना ने लिखे हैं। पीयूष शंकर ने गाने को प्रोड्यूस किया है। तीन अलग-अलग आवाजों के साथ तैयार किया गया यह ट्रैक म्यूजिक और एनर्जी के मामले में काफी अलग है। सिंगर मोनाली ठाकुर ने भी 'गलगोटो' को लेकर अपनी खुशी जाहिर की।

## खबर संक्षेप

### जन सेवा सेतु शिविर में क्षय रोगी को मिला निक्षय किट का सहारा

**भीलवाड़ा।** जिले में चल रहे जन सेवा सेतु अभियान के तहत रविवार को सहाड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सालेरा में आयोजित शिविर में 63 वर्षीय मुलाराम



भील को उपचार संबंधी सहायता मिली। मुलाराम क्षय रोग से पीड़ित हैं और उनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहाड़ा में 7 सितंबर 2026 से चल रहा है। शिविर में डॉ. सौरभ कुमार सत्तावन ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें उनकी स्थिति में सुधार पाया गया। शविर में निक्षय मित्र भैरूलाल सैन ने मुलाराम को निक्षय किट वितरित की। किट प्राप्त करने पर उन्होंने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। जन सेवा सेतु शिविर के माध्यम से क्षय रोगियों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के साथ टीबी मुक्त भारत अभियान को भी मजबूती मिल रही है।

### श्रीनगर में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने एनईपी-2020 पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया

**श्रीनगर @ पदमावत मीडिया।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने प्रो. डॉ. राज श्रीधर द्वारा लिखित पुस्तक एनईपी-2020:



ए पीक इनटू एंशिएंट इंडियन एजुकेशन का विमोचन किया। उन्होंने लेखक और त्रिलोकी राज फाउंडेशन की पूरी टीम को बधाई देते हुए उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। पुस्तक त्रिलोकी राज फाउंडेशन की भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने वाली पहल का हिस्सा है। इसमें प्राचीन भारत की समृद्ध शिक्षा व्यवस्था और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत समग्र शिक्षा, बहुविषयक अध्ययन, अनुभवात्मक शिक्षा, आलोचनात्मक चिंतन, मूल्य आधारित शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार तथा विभिन्न ज्ञान धाराओं के एकीकरण के बीच संबंधों को प्रस्तुत किया गया है। कार्यक्रम में त्रिलोकी राज फाउंडेशन की संस्थापक एवं निदेशक डॉ. मनोरमा बख्शी, सह-संस्थापक एवं निदेशक इंजीनियर पतंजलि धर, एनआईएमएस जयपुर के सामान्य चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र धर और क्लिनिकल पैथोलॉजिस्ट अशोक धर उपस्थित रहे।

### उदयपुर में सनातन पाठशाला में हुई संस्कार और स्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियां

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** आर्य समाज हिरण मगरी सेक्टर-4 की ओर से नवीन पीढ़ी को संस्कारवान, राष्ट्रभक्त, ईश्वर भक्त और स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से सनातन पाठशाला आयोजित की गई। मुख्य वक्ता



सरला आर्या ने सनातन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन शाश्वत है। उन्होंने सनातन ज्ञान को मानव जीवन की सुख, समृद्धि, शांति और आरोग्यता से जुड़ा बताया। योगाचार्य जिग्नेश शर्मा ने विद्यार्थियों को नेत्रों की मांसपेशियों को मजबूत करने, एकाग्रता बढ़ाने और रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने वाले आसन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास करवाया। उन्होंने ताड़ासन, गौमुखासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम और नेत्र व्यायाम के नियमित अभ्यास की जानकारी दी। शिक्षिका बेला सिसोदिया ने कबीर के दोहों के माध्यम से सदाचार, मधुर वाणी और सेवा का संदेश दिया। हृदयम आयुर्वेद एंड योग केंद्र की डॉ. हर्षा कानावत ने स्वास्थ्य वार्ता में विद्यार्थियों को जंक फूड से बचने का संकल्प दिलाया। भूपेंद्र शर्मा ने प्रेरक खेल और सनातन ज्ञान प्रश्नोत्तरी करवाई तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# फिरोजपुर में नशा विरोधी यात्रा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की शिरकत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**फिरोजपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को पंजाब के फिरोजपुर के ममदोट में नशा विरोधी यात्रा नशा मुक्त पंजाब के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए पंजाब में नशे की समस्या के लिए सरकार की नाकामी को जिम्मेदार बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशामुक्त पंजाब राज्य के भविष्य को बचाने की लड़ाई है और इसे जनआंदोलन बनाने के लिए सभी को मिलकर आगे आना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में वर्ष 2029 तक भारत को नशामुक्त बनाने के लिए 200 से अधिक कार्य-बिंदुओं पर आधारित रोडमैप तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य नशे के स्रोत, तस्करी के मार्ग, मुख्य सरगनाओं, सप्लाई चेन और हवाला फंडिंग के तंत्र पर कार्रवाई करना है। उन्होंने पंजाब में 2022 से 2024 के बीच 33 हजार से अधिक नशे के मामले दर्ज होने और वर्ष 2025 में देशभर में ड्रोन के जरिए नशा तस्करी की 305 घटनाओं में से 298 पंजाब सीमा पर होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि केवल छोटे स्तर के आरोपियों की गिरफ्तारी के बजाय नशे के मुख्य माफिया और हैंडलर तक पहुंचना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में नशे के तस्करों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। नशामुक्ति केंद्रों की संख्या बढ़ाने, महिलाओं और बच्चों के लिए पुनर्वास सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा युवाओं को नशामुक्त भारत अभियान से जोड़ने पर भी जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं तथा पंजाब को नशे के कारोबार से मुक्त कराने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

## सलूंबर के नयागांव उच्च माध्यमिक विद्यालय के दो विद्यार्थियों का वॉलीबॉल में राज्य स्तर पर चयन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : ईश्वरलाल सुथार**



हित व्यास
(19 वर्ष)



गौतम पटेल
(17 वर्ष)



फतेह सिंह

**सलूंबर।** जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नयागांव, ग्राम पंचायत गामड़ी, ब्लॉक झल्लारा के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। दोनों विद्यार्थियों के राज्य स्तर पर चयन से विद्यालय परिवार के साथ ही नयागांव और आसपास के क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। चयनित विद्यार्थियों में हित व्यास (19 वर्ष) एवं गौतम पटेल (17 वर्ष) शामिल हैं। विद्यार्थियों के राज्य स्तर पर चयन को विद्यालय और क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। दोनों विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और लगन के साथ वॉलीबॉल का अभ्यास करते हुए यह मुकाम हासिल किया है। खेल के प्रति उनकी मेहनत और निरंतर प्रयास का परिणाम है कि उन्हें राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिला है। दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है और क्षेत्रवासियों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है।

**कोच के मार्गदर्शन में हासिल की उपलब्धि**

दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक एवं वॉलीबॉल टीम के कोच फतेह सिंह टोकर का विशेष योगदान रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को लगातार मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण दिया। उनके निरंतर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन से दोनों विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा को निखारा और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हासिल किया।

**विद्यालय एवं क्षेत्र का बढ़ाया गौरव**

हित व्यास और गौतम पटेल के राज्य स्तर पर चयन से विद्यालय परिवार के साथ ग्राम पंचायत गामड़ी, नयागांव और क्षेत्र में भी खुशी का माहौल है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को उनकी मेहनत और लगन का परिणाम बताते हुए विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

**बधाई देकर सफलता की कामना**

दोनों विद्यार्थियों के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन पर विद्यालय परिवार, ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों ने हित व्यास तथा गौतम पटेल को बधाई दी। साथ ही वॉलीबॉल टीम के कोच फतेह सिंह टोकर को भी विद्यार्थियों को निरंतर मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण देने के लिए बधाई दी गई। सभी ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दोनों विद्यार्थियों के सफल प्रदर्शन की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## राजेन्द्र पूनम ग्रुप के सदस्यों ने सामुहिक रूप से की प्रभु भक्ति

### श्राद्ध पक्ष में पितरों को याद कर किया दान-पुण्य

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**



भीनमाल । राजेन्द्र पूनम ग्रुप के सदस्य जितेन्द्र नाहर ने बताया कि भादरवा सुदी पूर्णिमा के अवसर पर आदाणी तीर्थ यात्रा का लाभ लेते हुए देवों की पूजा अर्चना की गई । ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य माणकमल भंडारी ने बताया कि बैगलूरू से भक्त गण पेद् दतुम्बलम- तीर्थ यात्रा पर गये । वहां पर पार्श्वमणि पार्श्वनाथ भगवान की दिन भर सेवा पूजा की। गुरु भक्तों ने विशेष रूप से श्राद्ध पक्ष होने पर गायों के लिए घास, जल सेवा एवं कबुतरो के लिए मूगं, ज्वार, फुटाना, मक्की, चिट्ठीयों के लिए किडी नगरा की व्यवस्था की गई। गरीबों के लिए अनदान किया गया। देवों की पूजा अर्चना का लाभ लिया गया। इस यात्रा के आयोजन का लाभ भी सामुहिक रूप से लिया जाता है । वहां सभी लोगों ने प्रभु भक्ति का आनंद उठाया । इस दौरान नये नये भक्तों का जुडाव हो रहा है । जिसमें युवा, जवान, महिला, बच्चे एवं वरिष्ठ नागरिक भी सम्मिलित रहे। इस बार राजेन्द्र पूनम ग्रुप के सदस्यों ने बैंगलोर में गायों एवं कबुतरों के लिए व्यवस्था की तथा चिटियों के लिए भीनमाल के पास निम्बावास स्थित कीड़ा नगरे का भी लाभ लिया।

इस अवसर पर दलीचन्द, गणेश लुणीया मुथा, हीराचन्द वेदमूथा, रमेशकुमार, चम्पालाल श्रीश्रीमाल, रमेश बालर, रविन्द्र मोदी, पृथ्वीराज लुंकड, जुगराज भंडारी, रमेश ओस्तवाल, विक्रम सवाणी, किशोर कबदी, दिलीप, निखिल, पारसी, प्रकाश भंडारी, महेंद्र वेदमूथा, अनीलकुमार, दिनेशकुमार लम्बू, हितेंद्रकुमार नाहर, दिलीपकुमार, भरतकुमार, गौरव भंडारी, गौतम कवाड मुथा, अशोक सालेचा, शान्तीलाल, अरविंदकुमार, सुरेश गांधी, रमेश सोलंकी, महावीर पटियात, भंवरलाल सोलंकी, विशाल जैन, मनीषकुमार, उतमचन्द कांकरीया, ललित जैन, संगीतादेवी, निर्मलादेवी, कमलादेवी, अलकादेवी, जशोदादेवी, मधुदेवी, विमलादेवी सहित कई सुश्रावक एवं सुश्राविका उपस्थित रहे ।

## बारामूला में चोरी का मामला सुलझा, तांबे के बर्तन बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**बारामूला।** पट्टन थाना क्षेत्र में दुकान से तांबे के बर्तन चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए चोरी की संपत्ति बरामद की है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक नाबालिग को भी पकड़ा गया है। पुलिस के अनुसार 6 अगस्त 2026 को हैदरबेग मार्केट स्थित सिंहपुरा निवासी शकील अहमद मलिक की दुकान से तांबे के बर्तन चोरी होने की शिकायत पर प्राथमिकी संख्या 186/2026 दर्ज की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी और मानवीय सूचनाओं के आधार पर संदिग्धों से पूछताछ की। पूछताछ में एक आरोपी ने अन्य साथियों के साथ चोरी में शामिल होने की जानकारी दी, जिसके आधार पर चोरी का सामान बरामद किया गया। जांच के बाद काकेरपोरा निवासी शोकेट हुसैन मीर और चैनाबल निवासी नजीर अहमद डार को गिरफ्तार किया गया। एक नाबालिग आरोपी को भी पकड़ा गया है, जिसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## रम्मीकल्चर ऐप मामले में 442.35 करोड़ रुपये की संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय के बेंगलुरु जोनल कार्यालय ने रम्मीकल्चर ऐप और अन्य से जुड़े मामले में धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत करीब 442.35 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की हैं। 25 सितंबर 2026 को जारी कुर्की आदेश के तहत सावधि जमा, व्यावसायिक दुकानें, एक विला और कई आवासीय संपत्तियां शामिल हैं। ये संपत्तियां गेम्सक्राफ्ट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के शेयरधारकों के परिवार के सदस्यों, निजी पारिवारिक ट्रस्टों और संबंधित संस्थाओं के नाम पर हैं। ईडी की जांच के अनुसार गेम्सक्राफ्ट टेक्नोलॉजीज और रम्मीटाइम टेक्नोलॉजीज ने रम्मीकल्चर, रम्मीप्राइम, प्लेशिप और रम्मीटाइम जैसे मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन वास्तविक धन वाले गेम संचालित किए। जांच में इन प्लेटफॉर्म पर करीब 3 करोड़ उपयोगकर्ताओं की जानकारी सामने आई है। ईडी ने कथित तौर पर स्वचालित कार्यक्रमों और एल्गोरिदम के इस्तेमाल, भ्रामक प्रचार रणनीतियों तथा उपयोगकर्ताओं को अधिक राशि जमा कर गेम जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करने जैसे आरोपों की जांच की है।

जांच के दौरान ईडी ने पहले करीब 495 करोड़ रुपये की चल संपत्तियां फ्रीज की थीं तथा 11 लाख रुपये नकद और करीब 2.30 किलोग्राम सोने-हीरे की ज्वेलरी जब्त की थी। इसके अलावा करीब 1,906 करोड़ रुपये की संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की गई थीं। ईडी के अनुसार अब तक मामले में अपराध से अर्जित आय के रूप में कुर्क, फ्रीज और जब्त संपत्तियों का कुल मूल्य करीब 2,843 करोड़ रुपये हो गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## बाल रंग उत्सव के समापन दिवस पर बच्चों ने मंच पर सजाई युगधारा और अहिल्याबाई की कहानी



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र , उदयपुर एवं उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र , प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बाल रंग उत्सव का आज समापन हुआ। तीन दिवसीय बाल रंग उत्सव के अंतिम दिन शिल्पग्राम स्थित दर्पण सभागार में दो प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुतियां युगधारा और अहिल्याबाई मंचित की गईं। दोनों प्रस्तुतियों में बाल कलाकारों ने अपने अभिनय, संवाद और भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की। वहीं प्रथम प्रस्तुति युगधारा ने दर्शकों को अपनी कथावस्तु और बाल कलाकारों के अभिनय से प्रभावित किया। एवं शिक्षा सदन स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ह्यअहिल्याबाईह्न नाटक रहा। यह नाटक कक्षा 6 की पाठ्यपुस्तक में शामिल लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन एवं व्यक्तित्व से प्रेरित था। नाटक में अहिल्याबाई के जीवन, संघर्ष, नेतृत्व क्षमता, साहस और समाज के प्रति उनके योगदान को प्रभावशाली ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया गया। दोनों नाटकों के माध्यम से बच्चों ने इतिहास, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों को रंगमंच के माध्यम से जीवंत रूप प्रदान किया। केंद्र से प्रोग्राम ऑफिसर मनोज कुमार जी एवं प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव राकेश मेहता यह सब उपस्थित रहे।

## उदयपुर में प्रथम रक्तदान महोत्सव में उमड़ा उत्साह, 101 यूनिट रक्तदान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** याराना-दोस्ताना सेवा समिति, उदयपुर की ओर से चौधरी-मेवाड़ा कलाल समाज के चित्रकूट नगर स्थित भवन में प्रथम रक्तदान महोत्सव आयोजित किया गया। शिविर में महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए 101 यूनिट रक्तदान किया। रवीन्द्रनाथ मेडिकल कॉलेज के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभागाध्यक्ष एवं लोकमित्र ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. सुरेश डांगी के निर्देशन में स्टाफ ने रक्तदाताओं की प्राथमिक जांच और रक्त समूह की जांच के बाद रक्तदान करवाया। समिति के कोषाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी तथा सदस्यों रमेश मालवनिया, रामचंद्र चौधरी, नंदलाल चौधरी एवं नरेश चौधरी ने बताया कि शिविर में चौधरी समाज के साथ अन्य समाजों के लोगों ने भी भाग लिया। ललिता चौधरी, सोनाली चौधरी और ममता चौधरी ने रक्तदान कर महिलाओं एवं युवतियों को प्रेरित किया। उदयपुर के अलावा जयपुर, जोधपुर, भीलवाड़ा, मावली, दरोली, कानोड़, गोगुंदा, ढीकली सहित आसपास के क्षेत्रों से युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर में समाज अध्यक्ष एवं समिति सदस्य लोकेश चौधरी, अशोक चौधरी देबारी, विकास चौधरी भिंडर, एडवोकेट बंशीलाल चौधरी, मनोज चौधरी नाई, मनोज गोगुंदा, शांतिलाल चौधरी, विनोद, एडवोकेट राजेश चौधरी ढिंकली, राजमल चौधरी सहित अन्य की सक्रिय भागीदारी रही। महोत्सव में हिंदू, मुस्लिम और सिख समुदाय के लोगों ने भी रक्तदान कर सामाजिक एकता और मानव सेवा का संदेश दिया।

## अजमेर में वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से निशुल्क तर्पण कार्यक्रम

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**अजमेर।** अश्विनी कृष्ण प्रतिपदा के अवसर पर गायत्री परिवार की ओर से अजमेर सामुदायिक भवन, शास्त्री नगर में निशुल्क तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। गायत्री शक्तिपीठ की ओर से वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से आयोजित कार्यक्रम में देवताओं, ऋषियों, दिव्य मानवों, दिव्य पितरों, यम देवता और मनुष्य पितरों को तर्पण एवं पिंड प्रदान किए गए। इस अवसर पर लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और रामकृष्ण परमहंस को भी जलांजलि देकर तर्पण किया गया। जिन परिवारों में पिंडदान करने वाला कोई नहीं है, उनके साथ अग्नि से जलकर दिवंगत हुए लोगों और देश के लिए बलिदान देने वालों के निमित्त भी पिंडदान किया गया। गायत्री परिवार के डॉ. भवानी सिंह ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार से आए जेठू भाई डाबी ने तर्पण एवं पिंडदान कार्यक्रम संपन्न करवाया। रमेश बोहरा, सुनील शर्मा एवं किशनगढ़ से आए विनोद कुमार ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

## संचार विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुख्य सचिव, वी. श्रीनिवास ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार आयुक्त, हिमांशु गुप्ता सहित विभाग के आलाअधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभाग की विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं, उपलब्धियों एवं आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने ई-गवर्नेंस, डिजिटल सेवा वितरण, साइबर सुरक्षा, डेटा प्रबंधन, स्टार्टअप एवं नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति से मुख्य सचिव को अवगत कराया।

स्वत्वाधिकारी व प्रकाशक : पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । सम्पादक : पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, मो. नं.: +91-95945-42679 / e-mail: padmavatmedia@gmail.com / Web: padmavatmedia.in / पंजीकृत संख्या : MH180326353 / (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।